# टिपटिपवा

## कौन-किससे परेशान?

- **इस कहानी में लगता है सभी परेशान थे। बताओ कौन-किससे परेशान था?**

उत्तर बुढ़िया – झोंपड़ी में जगह-जगह टपकते हुए वर्षा के पानी से।
बाघ – मूसलाधार बारिश और टिपटिपवा से
धोबी – गधा के गायब होने से
पंड़ितजी – घर में जमा बारिश का पानी उलीचने से।

## मतलब बताओ

**नीचे कहानी में से कुछ वाक्य दिए गए हैं। इन्हें अपने शब्दों में लिखो।**

- टिपटिपवा-कौन-सी बला है?

उत्तर टिपटिपवा किस चीज़ का नाम है?

- पत्नी की बात धोबी को जँच गई।

उत्तर पत्नी की बात से धोबी सहमत हो गया।

- बाघ **बिना चूँ-चपड़ किए भीगी बिल्ली** बना धोबी के पीछे-पीछे चल दिया।

उत्तर बाघ चुपचाप धोबी के पीछे-पीछे चल दिया।

- ज़रा **पोथी बाँच कर** बताइए वह कहाँ है?

उत्तर जरा पत्रा देखकर बताइए वह कहाँ है?

## याद करो तो

**पोता दादी की गोद में कहानी सुनने के लिए मचल रहा था। तुम किन-किन चीज़ों के लिए मचलते हो?**

उत्तर मैं जल्दी से जल्दी बाजार जाने के लिए, अपनी मनपसंद चीज़ें खरीदवाने के लिए, दादी की गोदी में सोने के लिए, दादाजी से साहसपूर्ण कहानियाँ सुनने के लिए मचलता हूँ।

## कौन है टिपटिपवा!

**हाँ बचवा, न शेरवा के डर, न बघवा के डर। डर त डर, टिपटिपवा के डर।**

- **तुम्हारे घर की बोली में इस बात को कैसे कहेंगे?**

उत्तर हाँ बेटा, न शेर का डर है, न बाघ का। डर तो टिपटिपवा का है।

- **कहानी में टिपटिपवा कौन था? तुम किस-किस को टिपटिपवा कहोगे?**

उत्तर टिपटिपवा कोई आदमी या जानवर नहीं था बल्कि बुढ़िया की झोंपड़ी में जगह-जगह टपकता हुआ वर्षा का पानी था।

## बारिश

**यह कहानी एक ऐसे दिन की है जब मूसलाधार बारिश हो रही थी। अगर मूसलाधार बारिश की बजाए बूँदा-बाँदी होती, तो क्या होता? यदि उस रात बूँदा-बाँदी होती तो...**

उत्तर पोता आराम से दादी की गोद में लेटकर उनसे कहानी सुनता फिर सो जाता। बुढ़िया की झोंपड़ी के पीछे बाघ नहीं आता। उसके अंदर टिपटिपवा का डर नहीं बैठता, न ही धोबी के हाथों उसकी दुर्दशा होती।

## तरह-तरह की आवाज़ें

**पानी के टपकने की टिपटिप-टिपटिप आवाज़ आ रही थी।**
**सोचो और लिखो ये आवाज़े कब सुनाई पड़ती हैं।**

उत्तर

| | | |
|---|---|---|
| **खर्र-खर्र**<br>सोए में जब तेज साँस ली जाती है। | **भिन्न-भिन्न**<br>मक्खी जब कान के पास मंडराती है। | **ठक-ठक**<br>जब कोई दरवाजा खटखटाता है। |
| **चर्र-चर्र**<br>दरवाजा खोलने पर | **भक-भक**<br>आग की लपटें जब तेज हो जाती हैं। | **तड़-तड़**<br>किसी के गाल पर थप्पड़ लगाने पर। |

## खूँटा

- धोबी ने बाघ को खूँटे से बाँध दिया। सोचो और बताओ, खूँटे से क्या-क्या बाँधा जाता है?

उत्तर खूँटे से गाय, भैंस, बछड़ा, बैल, बकरी, घोड़ा, गधा आदि जानवर बाँधे जाते हैं।

## एक से ज़्यादा

उत्तर एक कहानी – सभी कहानियाँ
एक तितली – कई *तितलियाँ*
एक *नदी* – दस *नदियाँ*
एक चूड़ी – ढेरों *चूड़ियाँ*
एक खिड़की – चार *खिड़कियाँ*